आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 17.04.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।
- हरिद्वार में अगले साल कुंभ मेला की तैयारियां को लेकर मेलाधिकारी सोनिका ने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।
- प्रदेश के राजकीय और निजी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई।
- नगर निगम देहरादून ने मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए शहर में सघन फॉगिंग अभियान शुरू किया। सभी 100 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग की जाएगी।

............

**सीएम हेल्पलाइन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन–1905 पर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों को जबरदस्ती बंद करने के मामलों में जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष या संबंधित सचिव की संस्तुति के बिना किसी भी स्तर पर ऐसी कार्रवाई न की जाए। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त कार्यवाही किए यदि कोई अधिकारी शिकायत को जबरदस्ती बंद करता है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। आज सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन–1905 की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन–1905 केवल एक दूरभाष संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने जिलाधिकारी स्तर पर प्रत्येक सप्ताह और विभागीय सचिव स्तर पर प्रत्येक माह में कम से कम दो बार शिकायतों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

वहीं, बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने खुद मौके पर जाकर सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए, अधिकारियों को समन्वय के साथ इसे पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रदेशभर के आगामी दौरों पर इसी तरह नियमित निरीक्षण करेंगे।

## मेलाधिकारी निरीक्षण

हरिद्वार में अगले साल कुंभ मेला की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में मेलाधिकारी सोनिका ने आज विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शंकराचार्य चौक समेत प्रमुख चौराहों का जायजा लिया और चौराहों के सौंदर्यीकरण तथा यातायात सुधार के निर्देश दिए। साथ ही अव्यवस्थित खंभों और अवरोधों को हटाने के आदेश दिए। मेलाधिकारी ने क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।

## वैशाख अमावस्या

वैशाख अमावस्या के अवसर पर आज धर्मनगरी हरिद्वार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही, हर की पैड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया और मंदिरों में पूजा–अर्चना की। इस दौरान नारायणी शिला पर पितरों की शांति और मोक्ष की कामना से नारायण बलि, पिंडदान और तर्पण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। अमावस्या के दिन दान–पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है, जिसके चलते श्रद्धालुओं ने अन्न, वस्त्र और धन का दान कर पुण्य अर्जित किया। वहीं विभिन्न आश्रमों और अखाड़ों में भी विशेष पूजा–अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

## आकाशवाणी /सजीव प्रसारण

चारधाम यात्रा की कवरेज और सजीव प्रसारण के लिए आज आकाशवाणी देहरादून की टीम गंगोत्री और यमुनोत्री के लिए रवाना हुई। उन्नीस अप्रैल को दोनों धामों से कपाट खुलने का सीधा आंखों–देखा हाल आकाशवाणी देहरादून से सुना जा सकता है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज/प्रवेश

प्रदेशभर में संचालित राजकीय और निजी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिये दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राविधिक शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मुकेश पाण्डे ने बताया कि "पॉलिटेक्निक चलो अभियान–2026" के तहत युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसके तहत प्रदेश के सभी राजकीय और निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में दाखिले के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इच्छुक छात्र–छात्राएं निर्धारित अंतिम तिथि 15 मई तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.ubterjeep.co.in पर ऑनलाइन आवेदन कर संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ ही विभाग ने पॉलिटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को बीटेक पाठ्यक्रमों में सीधे दूसरे वर्ष में प्रवेश के लिए लैटरल एंट्री की भी सुविधा प्रदान की है। तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश के अधिक से अधिक युवा तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिये पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य

सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा तकनीकी रूप से सक्षम बने और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

**फॉगिंग अभियान**

नगर निगम देहरादून ने मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए शहर में व्यापक और सघन फॉगिंग अभियान की शुरुआत की है। महापौर सौरभ थपलियाल ने आज अभियान का शुभारंभ किया। इस मौक पर उन्होंने कहा कि यह अभियान डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में नियमितता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों और जलभराव वाले स्थानों पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। नगर निगम ने अभियान के लिए पांच बड़ी फॉगिंग मशीनों सहित पर्याप्त उपकरणों की व्यवस्था की है। इसके तहत शहर के सभी 100 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से फॉगिंग की जाएगी। इसके लिए वाहनों, ई–रिक्शा और हैंडहेल्ड मशीनों का उपयोग किया जाएगा, ताकि संकरी गलियों और दुर्गम क्षेत्रों तक भी पहुंच सुनिश्चित हो सके। निगम ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव न होने और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने में सहयोग करने की अपील की है।

**ट्रैक दल**

बागेश्वर जिले में पिंडारी ग्लेशियर, सुंदरढूंगा और कफनी ट्रैक रूट आधिकारिक रूप से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। लंबे इंतजार के बाद ट्रैकिंग सीजन की शुरुआत होते ही पहले ही दिन पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिला। विदेशी पर्यटकों का पहला दल आज ट्रैकिंग के लिए रवाना हुआ। इनमें दस पर्यटक नीदरलैंड से और दो भारतीय पर्यटक शामिल हैं। वन क्षेत्राधिकारी डौली डोबाल ने बताया कि वन विभाग की ओर से सभी पर्यटकों को स्वच्छता बनाए रखने और ट्रैकिंग के दौरान जरूरी दिशा–निर्देशों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

गाइड विक्रांत गौड़ ने बताया कि उनका दल सरयू नदी के साथ झूनी गांव से नामिक गांव पहुंचेगा। इसके बाद जोहार घाटी होते हुए मुनस्यारी में उनकी साहसिक यात्रा का समापन होगा।

गौरतलब है कि पिंडर घाटी क्षेत्र में पिंडारी, कफनी औरसुंदरढूंगा ग्लेशियर सहित कई हिमालयी चोटियां हैं। यह क्षेत्र साल में दो बार तीन–तीन महीनों के लिए पर्यटकों के लिए खुलता है।

**फुटबॉल प्रतियोगिता**

बागेश्वर के नुमाइश खेत मैदान में आज खेलो अस्मिता अंडर–16 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेलो इंडिया अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने उत्साह और जोश के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया।